कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, मैनपुरी।

परामर्शदाता की नियुक्ति हेतु विज्ञापन

दिनांक-29.07.2021

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक संख्या 8882 /2021/ एडमिन 'जी-1', इलाहाबाद दिनांकित 28.07.2021 के अनुपालन में परिवार न्यायालय में परामर्शदाता की नियुक्ति की जानी है, जिसके सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-102 / सात-न्याय-2-2015-728 / 86 दिनांकित- 18.06.2015 के द्वारा निम्न अर्हता प्राप्त व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं।

1- आवेदक उसी जिले से सम्बन्धित हो जहां पर पारिवारिक न्यायालय स्थित हो, उसे वरियता दी जायेगी।

2- आवेदक समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में से स्नातक की डिग्री रखता हो और समाज सेवा का अनुभवी हो। जो आवेदक सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री धारक हो और पारिवारिक काउन्सिलिंग में दो वर्ष का अनुभव रखता हो उसे वरियता दी जायेगी।

3- आवेदक की आयु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की दिनांक को 35 वर्ष से 65 वर्ष के मध्य हो।

4- परामर्शदाता का कार्यकाल 03 (तीन) वर्ष का होगा।

5- परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं मानी जायेगी और वे न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्ध रहेंगे।

6- नियुक्त परामर्शदाता को शासनादेश के अनुसार नियत मानदेय देय होगा।

क्र० सं०	जिला	पदों की संख्या
1-	मैनपुरी	1

जो पुरूष अथवा महिला इस पद पर नियुक्त होने के इच्छुक हों वे अपना आवेदन पत्र अपने शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की छायाप्रति सहित दिनांक - 17.08.2021 तक प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, मैनपुरी के कार्यालय में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रेषित कर सकते हैं।

(अनिल कुमार XIII),

प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय,

मैनपुरी।

परिवार न्यायालय, मैनपुरी में परामर्शदाता पद के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप

1-पद का नाम-...

स्वप्रमाणित नविनतम फोटो चिपकाएं

2- अभ्यर्थी का पूरा नाम (हिन्दी में) -..
(अंग्रेजी में)-..

3- पिता / पति का नाम- (हिन्दी में) -..
(अंग्रेजी में)-..

4- स्थायी आवासीय पता-..
....

5- पत्राचार हेतु पता-..
....मो० नं०- ....

6- जन्म तिथि-..

7- दिनांक 29.07.2021 को अभ्यर्थी की आयु:...........वर्ष........ ...माह.........दिन (जन्म तिथि के लिये सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण पत्र की प्रमाणित फोटो प्रति संलग्न करें।)

8- शैक्षिक योग्यता उत्तीर्ण परीक्षाओं का उल्लेख करें और प्रमाण पत्रों तथा अंक तालिकाओं की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें।

शैक्षिक योग्यता का विवरण-

क्र०सं०	परीक्षा / डिग्री	बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम	वर्ष	टिप्पणी

9- क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई आपराधिक वाद लम्बित है अथवा उसे किसी अपराधिक वाद में दण्डित किया गया है। (यदि हाँ तो उसका उल्लेख करे।)..
....

नोटः- यह आवेदन पत्र में अंकित किया जाना आवश्यक है।

घोषणा पत्र

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा कराता / करती हूँ कि उपर्युक्त विवरण / सूचनाएं सत्य हैं और मेरे द्वारा कोई तथ्य नहीं छिपाया गया है। यदि कोई विवरण / सूचना असत्य अथवा गलत पायी जाती है या कोई तथ्य छिपाया जाना पाया जाता है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाये। यदि नियुक्ति हो जाने के उपरान्त ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी सेवाएं समाप्त कर दी जायें।

संलग्नकों की संख्या

1- अंकों एवं शब्दों में
2- विवरण

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
दिनांक-